प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, लातेहार में माओवादी जोनल कमांडर समेत दो इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण।

- नीट–पीजी प्रवेश परीक्षा अगले महीने की 11 तारीख को होगी आयोजित, नीट यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने धनबाद से की दूसरी गिरफ्तारी।

- लक्ष्मीकांत वाजपेयी फिर बनाए गए भाजपा के झारखंड प्रभारी, जोबा माझी लोकसभा में होंगी झामुमो संसदीय दल की नेता।

- मौसम विभाग ने अगले दो दिन पूरे राज्य में बारिश होने का जताया पूर्वानुमान, मानसून सीजन में अब तक 50 प्रतिशत कम हुई है बारिश।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को 36 वीरता पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन में कल आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह चरण–एक में ये पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें दस कीर्ति चक्र और 26 शौर्य चक्र शामिल हैं। सात–सात कर्मियों को मरणोपरांत कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने सैफुल्ला कादरी को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लातेहार जिले में दस–दस लाख रुपये के दो इनामी नक्सलियों ने पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी वाईएस रमेश और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर नीरज सिंह खेरवार और राजकुमार गंझू शामिल हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया राज्य सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर दोनों नक्सलियों ने समाज की मुख्यधार में लौटने का फैसला किया।

******************

स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा–नीट 11 अगस्त को दो पालियों में ली जाएगी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने इसके लिए संशोधित समय–सारिणी जारी की है। यह परीक्षा पिछले महीने होनी थी, लेकिन कुछ अन्य– प्रतियोगिता परीक्षाओं पर लगे आक्षेप के कारण इसे ऐन वक्त पर रद्द कर दिया गया था।

******************

इधर. नीट यूजी पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो,सीबीआई ने धनबाद से दूसरी गिरफ्तारी की है। जिले के झरिया से अमित कुमार सिंह उर्फ बंटी नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अमित बिहार के जहानाबाद जिले का रहनेवाला है लेकिन फिलहाल उसका परिवार धनबाद के गोविंदपुर में रहता है। हालांकि आधिकारिक रूप से सीबीआई की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। बताया जाता है कि अमित पर रुपए के लेनदेन का आरोप है। टीम ने उसके घर की तलाशी के दौरान करीब आधा दर्जन मोबाइल फोन, बैंक खाते समेत कई अन्य महत्वपूर्ण कागजात जब्त किए हैं। इससे पहले तीन जुलाई को सीबीआई ने धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र के बापू नगर से अमन सिंह को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के अधिकारी अमित शर्मा को अपने साथ पटना ले गये हैं।

******************

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेयी को दोबारा झारखंड का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश को बिहार का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड समेत विभिन्न प्रदेशों में प्रदेश प्रभारी एवं सह–प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से इसकी अधिसूचना जारी की गयी है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड प्रभारी नियुक्त करने से पहले भाजपा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड विधानसभा चुनाव का प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। वे लगातार झारखंड का दौरा भी कर रहे हैं।

******************

इधर, झारखंड की सिंहभूम लोकसभा सीट से सांसद जोबा माझी लोकसभा में झामुमो संसदीय दल की नेता चुनी गयी हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा संसदीय दल की बैठक में इनके नाम पर निर्णय लिया गया। लोकसभा में झामुमो के तीन सांसद हैं। पार्टी ने राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल का नेता डॉ सरफराज अहमद को मनोनीत किया है।

******************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


******************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा और निरुपम चकमा ने गुमला जिले का दौरा किया। इस दौरान आयोग की टीम ने जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की और कई विद्यालयों और छात्रावासों का निरीक्षण भी किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्रीमती लकड़ा ने विकास योजनाओं की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया।

******************

पाकुड जिले में ग्रामीण महिलाओं को कृषि एवं पशुपालन से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने की खास पहल की जा रही है।

******************

मौसम विभाग ने अगले दो दिन पूरे राज्य में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। आज राज्य के सभी जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है जबकि कल भी कई क्षेत्रों में वर्षा हो सकती है। इधर, मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार मानसून सीजन में राज्य में अब भी 50 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। सबसे खराब स्थिति पाकुड़ जिले की है, जहां 78 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने लातेहार जिले में दो नक्सलियों का सरेंडर और नीट यूजी पेपर लीक मामले में धनबाद से दूसरी गिरफ्तारी की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं—सीबीआई ने धनबाद से अब बंटी को किया गिरफ्तार।

दैनिक भास्कर ने नीट यूजी को लेकर केन्द्र और एनटीए द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामें की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर लिखता है—हावड़ा में झारखंड के तीन विधायकों से जब्त 55 लाख लौटाने के निर्देश।

दैनिक जागरण की सुर्खी है—इडी ने जब्त की संजीव लाल, पत्नी व नौकर की 4 दशमलव चार दो करोड़ की संपत्ति।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है—आ गयी न्यू डेट, नीट पीजी एग्जाम 11 अगस्त को।

अग्रेंजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने — नीट यूजी गड़बड़ी मामले में केन्द्र सरकार और एनटीए की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है जबकि हिन्दुस्तान टाइम्स ने हाथरस दुर्घटना के पीड़ितों से विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मुलाकात की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

****************